# University of Hyderabad

## Ph.D. (Hindi) Entrance Examination – 2012

**Time : 2 Hours** **Max Marks : 75**

## Hall Ticket No...........................

**Instructions :**

Please enter your Hall ticket Number on this page and also on the **OMR** answer sheet **without fail.**

Answers are to be marked on the **OMR** answer sheet only following the instructions provided there upon.

The question paper consists of 75 objective type questions and there will be negative marking of 0.33 mark for every wrong answer as per the University rules.

A-68

# University of Hyderabad

## Entrance Examination 2012
## Ph.D. (HINDI)

सूचना: निम्नलिखित प्रश्नों के चार वैकल्पिक उत्तर दिए गए हैं, जिनमें **केवल एक उत्तर सही है** । सही उत्तर चुनकर **OMR Sheet** पर यथास्थान चिह्नित कीजिए ।

| | |
|---|---|
| 1. | 'सूखा' कहानी के लेखक हैं –<br>(A) ओमप्रकाश वाल्मीकि (B) जयप्रकाश कर्दम<br>(C) निर्मल वर्मा (D) सुशीला टाकभौरे |
| 2. | 'असाध्यवीणा' का आधार स्रोत है –<br>(A) अद्वैतवाद (B) ताओवादियों की 'वृक्ष वीणा' (C) राजशेखर का 'काव्य पुरुश'<br>(D) ब्रह्मसूत्र |
| 3. | सर्वेश्वर दयाल सक्सेना की कविता है -<br>(A) शब्दों के तल्प पर (B) हरिजन गाथा (C) कुआनो नदी (D) रोम सागर बीचोंबीच |
| 4. | लक्षणामूला ध्वनि का एक भेद है -<br>(A) अर्थान्तर संक्रमित वाच्य ध्वनि (B) अभिधामूला ध्वनि (C) असंलक्ष्यक्रम व्यंग्य ध्वनि<br>(D) संलक्ष्यक्रम व्यंग्य ध्वनि |
| 5. | निम्नलिखित दोहे में अलंकार है -<br>"का घूँघट मुख मूँदहु नवला नारि ।<br>चंद सरग पर सोहत यहि अनुहारि ।।"<br>(A) रूपक (B) उत्प्रेक्षा (C) उल्लेख (D) प्रतीप |
| 6. | 'प्रिंसिपल्स ऑफ लिटरेरी क्रिटिसिज़्म' के लेखक हैं -<br>(A) क्रोचे (B) रिचर्ड्स (C) मैथ्यू आर्नल्ड (D) एज़रा पाउण्ड |
| 7. | 'रूपान्तरण निष्पादन व्याकरण' की संकल्पना प्रदान करने वाले भाषा विज्ञानी हैं -<br>(A) नोम चोम्स्की (B) सस्यूर (C) हैलिडे (D) ब्लूमफील्ड |
| 8. | श्यामसुन्दर दास ने निम्नलिखित में से किस पत्रिका का संपादन किया था ?<br>(A) हंस (B) पहल (C) सरस्वती (D) कविवचन सुधा |
| 9. | 'आलोचक का स्वदेश' किसकी जीवनी है ?<br>(A) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल (B) आचार्य हजारीप्रसाद द्विवेदी (C) आचार्य नन्ददुलारे वाजपेयी<br>(D) रामविलास शर्मा |

A-68

| | |
|---|---|
| 10. | 'हिन्दी नई चाल में ढली' - 1873 ई.' किसका कथन है ?<br>(A) 'प्रेमघन' (B) प्रतापनारायण मिश्र (C) राधाचरण गोस्वामी (D) भारतेन्दु |
| 11. | 'राम की शक्तिपूजा' की रचना का आधार ग्रंथ है -<br>(A) कम्ब रामायण (B) कृत्तिवास रामायण (C) रामचरितमानस (D) रामचन्द्रिका |
| 12. | 'आधुनिकता' का लक्षण निम्नलिखित में से क्या नहीं है ?<br>(A) स्वचेतना (B) इहलौकिकता (C) आध्यात्मिकता (D)परिवेश के प्रति सजगता |
| 13. | 'विशिष्टाद्वैतवाद' के प्रवर्तक आचार्य थे -<br>(A) रामानुजाचार्य (B) वल्लभाचार्य (C) मध्वाचार्य (D) रामानंद |
| 14. | 'हरिदासी संप्रदाय' का दूसरा नाम है -<br>(A) सखी संप्रदाय (B) रसिक संप्रदाय (C) राधावल्लभ संप्रदाय (D) विट्ठल संप्रदाय |
| 15. | समालोचना किससे मुक्त नहीं है ?<br>(A) सौन्दर्योद्घाटन (B) मूल्यांकन (C) तटस्थता (D) दुराग्रह |
| 16. | 'राजभाषा अधिनियम 1963' की किस धारा के अधीन कुछ दस्तावेज़ों को हिन्दी और अंग्रेजी दोनों भाषाओं में एक साथ जारी करना अनिवार्य है -<br>(A) धारा 3(1) (B) धारा 3(4) (C) धारा 3(3) (D) इनमें से कोई नहीं |
| 17. | 'कविता कौमुदी' के रचनाकार हैं -<br>(A) श्याम सुंदरदास (B) रसखान (C) निराला (D) रामनरेश त्रिपाठी |
| 18. | इनमें से कौन चौथा सप्तक का कवि नहीं है ?<br>(A) सुमन राजे (B) अज्ञेय (C) नंदकिशोर आचार्य (D) राजेंद्र किशोर |
| 19. | हिन्दी का पहला दुःखान्त नाटक है -<br>(A) भारत दुर्दशा (B) मयंकमंजरी (C) रणधीर प्रेममोहिनी (D) नीलदेवी |
| 20. | 'प्रपद्यवाद' के घोषणा-पत्र को क्या कहा गया था ?<br>(A) पस्पशा (B) कहकशा (C) अपांक्तेय (D) कर्मनाशा |
| 21. | काशीनाथ सिंह की साहित्य अकादमी द्वारा पुरस्कृत कृति है -<br>(A) काशी का अस्सी (B) रेहन पर रग्घू (C) महुआचरित (D) अपना मोर्चा |
| 22. | इनमें से कौन-सी कृति विश्वनाथ त्रिपाठी की नहीं है ?<br>(A) मीरा का काव्य (B) नंगातलाई का गाँव (C) व्योमकेश दरवेश (D) हम हशमत |
| 23. | इनमें से कौन प्रवासी भारतीय रचनाकार है ?<br>(A) रूपर्ट स्नेल (B) विश्वनाथ अय्यर (C) स्नोवा बार्नो (D) उषा प्रियंवदा |
| 24. | 'कोमा' का प्रसंग किस हिन्दी नाटक में आया है ?<br>(A) ध्रुवस्वामिनी (B) आधे अधूरे (C) अंधेर नगरी (D) यमगाथा |

| | |
|---|---|
| 25. | 'रेवंतगिरि रास' के रचनाकार हैं -<br>(A) नेमिनाथ (B) विजयसेन सूरि (C) स्थूलिभद्र (D) गोरखनाथ |
| 26. | दोस्तोएव्यस्की की रचना 'The Idiot' के हिन्दी अनुवाद का शीर्षक है -<br>(A) मूर्ख (B) दरिद्रनारायण (C) बौड़म (D) रजत रातें |
| 27. | निम्नलिखित पंक्तियों की रचना किसने की है ?<br>"विनती राय प्रवीण की सुनिये साह सुजान<br>जूठी पतरी भखत हैं बारी बायस स्वान"<br>(A) सारला देवी (B) आक्क महादेवी (C) सुजानराय (D) प्रवीण राय पातुर |
| 28. | निम्नलिखित पंक्तियों की रचना किसने की है ।<br>"मगर खबरदार, मुझे कवि मत कहो ।<br>मैं कविताएँ बनाता नहीं हूँ कविताएँ<br>ईजाद करता हूँ<br>गाली<br>फिर उसे बुदबुदाता हूँ ।<br>मैं कविताएं बकता नहीं हूँ"<br>(A) श्रीकान्त वर्मा (B) धूमिल (C) आलोकधन्वा (D) रघुवीर सहाय |
| 29. | 'चाँद' के 'फाँसी अंक' का संपादन किसने किया था<br>(A) बालमुकुन्द गुप्त (B) वीर सावरकर (C) चतुरसेन शास्त्री (D) राजगुरु |
| 30. | 'शारदा एक्ट' का संबंध किस प्रथा से था ?<br>(A) अन्तर्जातीय विवाह (B) सती-प्रथा (C) अस्पृश्यता (D) संपति उत्तराधिकार |
| 31. | 'भूगोलहस्तामलक' के रचनाकार है<br>(A) भारतेन्दु (B) सदलमिश्र (C) शिवप्रसाद सितारे हिंद (D) लल्लूजी लाल |
| 32. | उत्तर आधुनिकतावाद की स्थापना है -<br>(A) इतिहास भी एक आख्यान है (B) इतिहास साक्षी है<br>(C) इतिहास का कोई अस्तित्व नहीं है (D) मनुष्य को भविष्योन्मुखी होना चाहिए । |
| 33. | "जिस देश में स्त्रियों को सच्चाई से प्यार किया जाता है वहाँ उपन्यास लेखन की संभावनाएँ ज्यादा बनती हैं" - यह कथन है -<br>(A) सीमोन द बोउवार (B) मादाम द स्ताल (C) मेरी वोलस्टन क्राफ्ट<br>(D) बेट्टी फ्राइडन |
| 34. | इनमें से कौन समाजशास्त्रीय चिन्तक नहीं है -- (A) श्यामा चरण दुबे (B) पूरन चंद जोशी (C) आनंद कुमारस्वामी (D) रोमन याकोब्सन |

| | |
|---|---|
| 35. | 'उत्पत्तिमूलक संरचनावाद' के प्रस्तावक हैं -- (A) लूसिए गोल्डमान (B) रेमण्ड विलियम्स (C) लौंजाइनस (D) जार्ज गस्टोर्फ़ |
| 36. | "जब घने कष्ट में मन गम्भीर हो उठे, जब व्यथा में जो व्यंग्य है वह भी वहाँ हो - नहीं तो व्यथा ही कैसे वहाँ रहेगी" - यह किसका वक्तव्य है ? (A) हरिशंकर परसाई (B) शरद जोशी (C) मनोहर श्याम जोशी (D) रघुवीर सहाय |
| 37. | 'मात्रा' किस प्रकार का स्वनिम है ? (A) खण्ड्य (B) अखण्ड्य (C) एकल (D) संयुक्त |
| 38. | कौन-सी ध्वनि काकल्य है ? (A) ई (B) ओ (C) को (D) हः |
| 39. | इनमें से कौन ऋग्वेद की त्रृषिका के रूप में जानी जाती है ? (A) शर्मिष्ठा (B) देवयानी (C) गाँधारी (D) सरमा |
| 40. | 'औशीनरी' किस कृति की पात्र है ? (A) कामायनी (B) उर्वशी (C) एक कण्ठ विषपायी (D) आत्मजयी |
| 41. | हिन्दी तथा हिन्दी की बोलियों में 'कर्म' और 'सम्प्रदान' के लिए कितने प्रकार के कारक चिह्न प्रयुक्त होते हैं ? (A) एक ही प्रकार के कारक चिह्न (B) दो प्रकार के कारक चिह्न (C) अनेक प्रकार के कारक चिह्न (D) इनमें से कोई नहीं |
| 42. | "Retroflex" के लिए उपयुक्त हिन्दी समतुल्य है --- (A) मूर्धन्य (B) तालव्य (C) दन्त्य (D) ओष्ठ्य |
| 43. | 'भारतीय सिनेमा का अन्तःकरण' के लेखक कौन हैं ? (A) जावेद अख़्तर (B) सत्यजित रे (C) विनोद दास (D) मृणाल सेन |
| 44. | निम्नलिखित वाक्य का सही अनुवाद चुनिये - "A major challenge of the 21st century is the provision of fresh water resources for an increasing global population" (A) दुनिया की लगातार बढ़ती हुई आबादी के लिए पेयजल की व्यवस्था करना इक्कीसवीं शताब्दी की सबसे बड़ी चुनौती है । (B) इक्कीसवीं शताब्दी में संपूर्ण जनसंख्या के लिए पानी का इंतजाम करना सबसे बड़ी समस्या है । (C) खेतों के लिए पानी की व्यवस्था करना इक्कीसवी शताब्दी की एक बड़ी समस्या है । (D) इनमें से कोई नहीं |
| 45. | निम्नलिखित वाक्य के लिए सही अंग्रेजी अनुवाद चुनिए । "अपने उत्पादों के अनेक नए उपयोगों के विकास के लिए सतत प्रयत्न किए जाने की |

A-68

| | |
|---|---|
| | आवश्यकता है ।"<br>(A) Sustained efforts needs to be made to develop a large number of new applications for new commodities.<br>(B) Proactive efforts need to be made to develop a large number of new applications for new commodities.<br>(C) Sustained efforts need to be made to develop a large number of new applications for our products.<br>(D) इनमें से कोई नहीं |
| 46. | "छायावाद उस राष्ट्रीय जागरण की काव्यात्मक अभिव्यक्ति है जो एक ओर पुरानी रूढ़ियों से मुक्ति चाहता था और दूसरी ओर विदेशी पराधीनता से ।"<br>(A) नामवर सिंह (B) रमेशचन्द्र शाह (C) शांतिप्रिय द्विवेदी (D) नगेन्द्र |
| 47. | 'उपदेशरसायनरास' के रचनाकार हैं -<br>(A)धनपाल (B) अद्दहमाण (C) जिनदत्तसूरि (D) पुष्पदंत |
| 48. | 'पाहुड़ दोहा' के रचनाकार हैं -<br>(A) रामसिंह (B) जोइन्दु (C) अमीर खुसरो (D) स्वयंभू |
| 49. | "जिस प्रकार जगत अनेक रूपात्मक है उसी प्रकार हमारा हृदय भी अनेक भावात्मक है ।" यह कथन किसका है ?<br>(A) महादेवी वर्मा (B) रामचन्द्र शुक्ल (C) जयशंकर प्रसाद (D) सुमित्रानंदन पंत |
| 50. | नाभादास का 'भक्तमाल' क्या है ?<br>(A) खण्डकाव्य (B) चम्पूकाव्य (C) जीवनचरित (D) आत्मकथा |
| 51. | 'उपन्यास को लोकजीवन का महाकाव्य' किसने कहा है?<br>(A) टी.एस. इलियट (B) जार्ज लुकाज (C) रॉल्फ फॉक्स (D) हीगल |
| 52. | "जायसी अध्यात्मवादियों में भौतिकवादी और भौतिकवादियों में आध्यात्मवादी हैं"- यह कथन है -<br>(A) रामचन्द्र शुक्ल (B) रामपूजन तिवारी (C) शिवसहाय पाठक (D) विजयदेव नारायण साही |
| 53. | "कवि कै जीभ खरग हिरवानी<br>एक दिसि आग दोसर दिसि पानी" का तात्पर्य है -<br>(A) कवि की वाणी आत्मनिष्ठ होती है ।<br>(B) कवि की जीभ खड्ग के समान होती है ।<br>(C) कवि की जिह्वा हीरे की होती है ।<br>(D) कविता क्रान्ति और शान्ति की दुधारी तलवार है । |
| 54. | इनमें से कौन सूर-काव्य का आलोचक नहीं है ? |

A-68

| | |
|---|---|
| | (A) बलदेव उपाध्याय<br>(B) हजारी प्रसाद द्विवेदी<br>(C) परशुराम चतुर्वेदी<br>(D) नन्ददुलारे वाजपेयी |
| 55. | निम्नलिखित में से किस कृति के रचनाकार विनोद कुमार शुक्ल नहीं हैं ?<br>(A) हरी घास की छप्पर वाली झोपड़ी और बौना पहाड़<br>(B) खिलेगा तो देखेंगे<br>(C) दीवार में खिड़की रहती थी<br>(D) किस्सा लोकतंत्र |
| 56. | निम्नलिखित में से कौन-सी रचना देव की नहीं है ।<br>(A) काव्य निर्णय (B) भाव विलास (C) प्रेम तरंग (D) भवानीविलास |
| 57. | निम्नलिखित में से कौन सी कृति मतिराम की है ?<br>(A) रस विलास (B) सुख सागर तरंग (C) रसराज (D) प्रेमचंद्रिका |
| 58. | "प्रेममार्ग का ऐसा प्रवीण और धीर पथिक तथा जबाँदानी का ऐसा दावा रखनेवाला ब्रजभाषा का दूसरा कवि नहीं हुआ ।" आचार्य शुक्ल का यह कथन किस कवि के बारे में है -<br>(A) पद्माकर (B) घनानंद (C) बिहारी (D) मतिराम |
| 59. | 'शवयात्रा' कहानी की रचना किसने की है ?<br>(A) अखिलेश (B) जगदम्बाप्रसाद दीक्षित (C) शिवप्रसाद सिंह (D) ओम प्रकाश वाल्मीकि |
| 60. | "हमारे मत में हिन्दी और उर्दू दो बोली न्यारी-न्यारी हैं ।" यह वक्तव्य है -<br>(A) शिवप्रसाद सितारे हिंद<br>(B) राजा लक्ष्मण सिंह<br>(C) भारतेंदु<br>(D) इंशा अल्ला खाँ |
| 61. | निम्नलिखित में से कौन-सी रचना भारतेंदु हरिश्चंद्र की है ?<br>(A) सौ अजान और एक सुजान<br>(B) निस्सहाय हिन्दू<br>(C) आनंद कादम्बिनी<br>(D) विषस्यविषमौषधम् |
| 62. | महावीर प्रसाद द्विवेदी ने किस वर्ष से 'सरस्वती' के सम्पादन का कार्यभार ग्रहण किया ?<br>(A) 1903 (B) 1900 (C) 1901 (D) 1905 |
| 63. | दिनकर रचित 'उर्वशी' पर हिन्दी की किस पत्रिका में प्रकाशित परिचर्चा को एक ऐतिहासिक |

A-68

| | |
|---|---|
| | दस्तावेज़ माना जाता है ?<br>(A) आलोचना (B) विशाल भारत (C) ज्ञानोदय (D) कल्पना |
| 64. | 'द्वापर' कृति के रचनाकार हैं -<br>(A) सूरदास (B) पंडित जगन्नाथदास रत्नाकर (C) मैथिली शरण गुप्त (D) हरिऔध |
| 65. | 'टूटी हुई बिखरी हुई' कविता किसने रची ?<br>(A) अज्ञेय (B) शमशेर (C) केदारनाथ सिंह (D) मुक्तिबोध |
| 66. | 'मुक्तिप्रसंग' के कवि हैं -<br>(A) राजकमल चौधरी<br>(B) धूमिल<br>(C) अशोक वाजपेयी<br>(D) कुंवर नारायण |
| 67. | "हिन्दी प्रदेश में नवजागरण 1857 के स्वाधीनता संग्राम से शुरु होता है ।" यह किसकी मान्यता है ?<br>(A) रामस्वरूप चतुर्वेदी<br>(B) मैनेजर पांडेय<br>(C) नामवर सिंह<br>(D) रामविलास शर्मा |
| 68. | 'भारत के प्राचीन भाषा परिवार और हिन्दी' के लेखक हैं -<br>(A) बाबूराम सक्सेना (B) रामविलास शर्मा (C) किशोरीदास वाजपेयी<br>(D) धीरेन्द्र वर्मा |
| 69. | 'प्रगतिवाद : एक दृष्टि' के लेखक हैं -<br>(A) नन्दकिशोर नवल (B) शिवदान सिंह चौहान (C) मुक्तिबोध (D) खगेन्द्र ठाकुर |
| 70. | निम्नलिखित में से कौन-सी कृति आदिवासी चेतना से संपृक्त है ?<br>(A) पाँव तले की दूब<br>(B) मैक लुस्कीगंज<br>(C) विनायक<br>(D) रह गईं दिशाएँ इसी पार |
| 71. | निम्नलिखित अवतरण का केन्द्रीय भाव क्या है ?<br>"असल में मेरे कन्धे दुख रहे हैं<br>और असल में मैं एक खम्भे से दूसरे खम्भे तक<br>अपने हिस्से का आसमान |

A-68

| | |
|---|---|
| | ढोते-ढोते थक गया हूँ ।"<br><br>(A) कंधों की पीड़ा और थकावट की मार्मिक अभिव्यक्ति<br>(B) लक्ष्य के प्रति उदासीनता<br>(C) गन्तव्य तक पहुँचने की तैयारी<br>(D) गन्तव्य तक न पहुँच पाने से उपजी हताशा |
| 72. | 'आलोचना' पत्रिका है -<br>(A) मासिक (B) त्रैमासिक (C) अर्द्ध-वार्षिक (D) वार्षिक |
| 73. | 'तद्भव' पत्रिका के संपादक हैं -<br>(A)रवीन्द्र कालिया (B) अखिलेश (C) राजेन्द्र यादव (D) उदय प्रकाश |
| 74. | 'हिन्द स्वराज' के लेखक हैं -<br>(A) मदनमोहन मालवीय (B) बालगंगाधर तिलक (C) महात्मा गाँधी (D) गोपाल कृष्ण गोखले |
| 75. | 'कवि का अकेलापन' किस विधा की कृति है ?<br>(A) जीवनी (B) कविता (C) कहानी (D)आलोचना |

A-68